# स्वतंत्रता दिवस पर जयपुर में जल भवन पर मुख्य अभियंता-गुणवत्ता नियंत्रण ने किया ध्वजारोहण

### सभी ने हर्षोल्लास से मनाया आजादी का पर्व, अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन- अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी एक दूसरे को बधाई

जयपुर, 15 अगस्त। देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रदेश मुख्यालय जल भवन पर आयोजित समारोह में मुख्य अभियंता—गुणवत्ता नियंत्रण श्री आरसी मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। जलदाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों देश के अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनको श्रद्धांजलि दीं।

इस मौके पर मुख्य अभियंता-प्रशासन श्री राकेश लुहाड़िया, मुख्य अभियंता- विशेष प्रोजेक्ट श्री दलीप कुमार गौड़ एवं मुख्य अभियंता-तकनीकी श्री संदीप शर्मा तथा अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री देवराज सोलंकी,अधीक्षण अभियंता श्री मुकेश बंसल, अधिशाषी अभियंता श्री सुनील मानवताल एवं श्री नरेन्द्र शर्मा, अतिरिक्त निजी सचिव श्री सतीश कुमार वर्मा, निजी सहायक श्री रवि खाकसा, कनिष्ठ अभियंता प्रियंका व आकांक्षा तथा श्री देवी सिंह भाटी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जलदाय विभाग के सेवानिवृत कार्मिक श्री नरेन्द्र भार्गव ने किया। इस मौके पर सभी ने पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ इस पर्व पर एक—दूसरे को बधाई देते हुए अपनी खुशियों का इजहार किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता—गुणवत्ता नियंत्रण श्री आरसी मिश्रा ने अपने संबोधन में सभी से अपने कार्यक्षेत्र में सदैव राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहकर सतत योगदान की अपील की। मुख्य अभियंता—श्री दलीप कुमार गौड़ ने कहा कि स्वतंत्रता मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है, हमारे अमर शहीदों ने अनगिनत कुर्बानियां देकर हमें आजादी दिलाई। मुख्य अभियंता—तकनीकी श्री संदीप शर्मा ने कहा खुदीराम बोस, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे अमर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने युवा अवस्था में ही देश की आजादी के लिए अपनी जान की बाजी लगा दीं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जलदाय विभाग के सेवानिवृत्त कार्मिक ने देश के आजादी के आंदोलन और स्वतंत्रता के बाद के परिदृश्य पर प्रकाश डाला।









